आयोजन | शासकीय हाई स्कूल एवं ग्राम पंचायत टिकुरी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# टिकुरी में निकली तिरंगा यात्रा के साथ प्रभात फेरी




**चिल्हारी नवभारत 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ को शासकीय हाई स्कूल टिकुरी ग्राम पंचायत टिकुरी एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 7 बजे शासकीय हाई स्कूल टिकुरी से प्रभातफेरी निकाली गई प्रभात फेरी विद्यालय से पूरे ग्राम भ्रमण के साथ ग्राम पंचायत टिकुरी तक निकाली गई।

ग्राम पंचायत टिकुरी में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती कविता चतुर्वेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे तत्पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक एवं केंद्र क्रमांक 2 में भी ध्वजारोहण संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत के पश्चात समस्त उपस्थित जन प्रतिनिधि ग्रामीणजन एवं अभिभावक गण हाई स्कूल टिकुरी में उपस्थित हुए जहां विद्यालय परिवार की तरफ से सभी का स्वागत करते हुए प्राचार्य भीम सिंह चतुर्वेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



### विद्यार्थियों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत टिकुरी की सरपंच कविता चतुर्वेदी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामखेलावन मिश्र सेवानिवृत शिक्षक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में केपी सिंह व नरभान सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रभात सिंह युवा नेता व रविराज सिंह, प्रमोद सिंह, माधव द्विवेदी, दरोगा सिंह, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, शरद तिवारी, प्रदीप सोनी, रामबहोर विश्वकर्मा, गोपाल यादव, सचिव दरबारी लाल, रोहित चतुर्वेदी, रामकिशोर सेन, बेड़ी लाल, अतुल बर्मन की उपस्थिति रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### बच्चों को प्रदान की गई प्रोत्साहन राशि

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच में अभिभावकों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन के तौर पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन में विशेष भोज कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के रामलाल गुप्ता, राम लखन कोल, सुखलाल प्रजापति, ज्योति गुप्ता, नितेश चतुर्वेदी, आदित्य नारायण मिश्रा, शैलेंद्र सिंह चतुर्वेदी, कृष्ण पाल, किरण चतुर्वेदी की उपस्थिति रही। संचालन नितेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

### ग्राम पंचायत कुशमहां में निकली तिरंगा रैली

मानपुर में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुशमहां में 14 अगस्त को विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में देशभक्ति की गूंज और राष्ट्रीय एकता का संदेश पूरे गांव में फैल गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुशमहाँ के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली का नेतृत्व ग्राम पंचायत कुशमहां के सरपंच सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं सचिव संतोष सोनी ने किया। इस अवसर पर पंच सुनील बैगा, कमलेश बैगा, शिक्षक अमरनाथ पटेल, धीरेन्द्र मिश्रा, शैलाक्षी तिवारी, जीतेन्द्र पटेल सहित ग्रामीण राजेश तिवारी, रवि द्विवेदी, मंगल बैगा, खेलावन पाल, शौखीलाल बैगा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### घर-घर तिरंगा फहराया गया

रैली ग्राम पंचायत परिसर से प्रारंभ होकर गांव की गलियों से गुजरते हुए पूरे क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का संदेश देती रही। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे गगनभेदी नारे लगाए, जिससे वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। रैली के दौरान ग्रामीणों से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की गई। रैली का समापन ग्राम पंचायत भवन में हुआ, जहां सभी ने देश की आजादी और तिरंगे की महत्ता पर विचार व्यक्त किए।

### नर्मदांचल विद्यापीठ में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शहपुरा।** बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों द्वारा अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए भव्य मार्च-पास्ट का आयोजन किया गया। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से वीरता का अद्भुत प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय में विशिष्ट अतिथि एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने बच्चों का उत्साह दोगुना कर दिया। यह पूरा कार्यक्रम प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें देशभक्ति और अनुशासन की प्रेरणा दी।

### मानपुर में निकली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

**चिल्हारी।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत इंदवार तिराहा से विशाल ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का समापन अमरपुर में किया गया। यात्रा में लगभग दो दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जागृत करना था। ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में भारी संख्या पर ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरा प्रांगण देश भक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। कार्यक्रम में शिवप्रताप सिंह परिहार, नीरज सिंह परिहार, धीरज सिंह परिहार, अभिषेक पांडेय, सुमित मिश्रा, अमितेश पांडेय, अमित तिवारी, दिनेश मिश्रा, उदय नारायण परौहा, मूरत सिंह, रोहित सिंह, रामशरण कचेर, पंकज सिंह परिहार, शुभम मिश्रा, पंकज सोनी, नितिन तिवारी, जनार्दन भट्ट, परसादी कोल, विकास गुप्ता, उमेश द्विवेदी, अमन चर्मकार, ओम पटेल, सौरभ बर्मन, राम लाल प्रजापति, राजाराम प्रजापति, धनराज चौधरी अदि उपस्थित रहे।





## रातभर गूंजते रहे भजन आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

▶ उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, श्री राम-जानकी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

**शहपुरा नवभारत 16 अगस्त।** नगर के ऐतिहासिक श्री राम-जानकी मंदिर, बाज़ार चौक में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों और विद्युत सजावट से आकर्षक रूप से सजाया गया था। शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और देर रात तक मंदिर प्रांगण जय श्री कृष्ण के जयघोष से गूंजता रहा

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन-कीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ से किया गया। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिसमें बाल कृष्ण की मनमोहक झलक, रासलीला एवं माखन चोर रूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मध्यरात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जन्म के पश्चात महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुजारी प्रमोद तिवारी, बुल्ली नामदेव, पार्षद समाजसेवी सुरेन्द्र साहू, अजय गुप्ता, प्रहलाद साहू, प्रतीक तिवारी, प्रदीप विश्वकर्मा, राम तिवारी, अमित साहू, दामोदर साहू, जगन्नाथ बनवासी, अभिनव साहू, नारायण कछवाहा, मुकेश साहू, रमा कछवाहा, रितु कछवाहा, अंकिता कछवाहा, जूली कछवाहा, ओम् साहू, नागेंद्र सिंह चौहान, उमंग सिंह चौहान एवं बाबू विश्वकर्मा सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे नगर में धार्मिक माहौल बना दिया। इसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई इस यात्रा में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरे रास्ते में भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के समापन पर भी प्रसाद वितरण किया गया।



## सोहागपुर क्षेत्र में आन बान शान से लहराया तिरंगा

**धनपुरी, नवभारत।** एसईसीएल, सोहागपुर क्षेत्र में 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में हुआ। महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण एवं माननीय अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एसईसीएल का संदेश वाचन किया गया। संबोधन में उत्पादन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और सुरक्षा मानकों के साथ लक्ष्य प्राप्ति का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल 68 अधिकारी, कर्मचारी, ठेका कर्मचारी और सुरक्षा कर्मियों को पारितोषिक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे समारोह में देशभक्ति और उत्साह का विशेष वातावरण व्याप्त रहा।

## अज्ञात वाहन ने रौंदा, युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर ब्रिज के पास जबलपुर कटनी बाईपास पर अज्ञात वाहन ने एक युवक को रौंद दिया हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई हैं। पुलिस ने बताया कि रिषभ शर्मा पिता सत्यप्रकाश शर्मा 21 वर्ष निवासी सिहोरा टोल नाका ने सूचना दी कि कुशनेर ब्रिज के बाजू से जबलपुर कटनी बाईपास रोड पनागर में एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 40 से 45 वर्ष की होगी मृत अवस्था में पडा हुआ है। जिसके सिर चेहरा व शरीर में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से आई चोटों के निशान हैं।





## श्रद्धालुओं ने किए भगवान बांधवाधीश के दर्शन

▶ बांधवगढ़ के ऐतिहासिक किले के मंदिर में पहुंचे 13 हजार से ज्यादा भक्त

**चिल्हारी नवभारत 16 अगस्त।** जिले के विश्व विख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ऐतिहासिक किले के मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में दोगुने श्रद्धालुओं ने इस बार भगवान बांधवाधीश के दर्शन किए। मंदिर मे 13 हजार से भी अधिक श्रद्धालु 13 किलोमीटर लंबा और जंगली रास्ता तय कर मंदिर पहुंचे।

बता दें कि मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की प्राचीन मूर्तियां विराजमान हैं। श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के लिए ताला गेट से 13 किलोमीटर का जंगली रास्ता पैदल तय करना पड़ता है। जन्माष्टमी के दिन यहां भगवान राम को कृष्ण और माता सीता को राधा के रूप में पूजा जाता है। जिला प्रशासन एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सुरक्षा के लिए 10 हाथी दल और 500 से ज्यादा वन विभाग कर्मी, स्वास्थ्य अमला, पुलिस और राजस्व के अधिकारी-कर्मचारियों की मार्ग में तैनाती की गई थी।

## अमलाई ओसीएम की कैंटीन में समोसे की चटनी में मिला कीड़ा

**धनपुरी, नवभारत।** सोहागपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों में संचालित कैंटीन जिनमें कोयला श्रमिक चाय नाश्ता करते हैं वहां की साफ सफाई व्यवस्था चौपट रहती है सफाई व्यवस्था चौपट रहने का नया मामला अमलाई ओसीएम की कैंटीन का सामने आ रहा है। जहां 16 अगस्त की शाम नाश्ता करने वाले कर्मचारियों में तब असंतोष फैल गया जब समोसे की चटनी के साथ कीड़ा परोस दिया गया।

कर्मचारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंटीन में साफ सफाई नहीं रखी जाती कभी कोई अधिकारी कैंटीन का निरीक्षण नहीं करते हैं जिसकी वजह से कोयला श्रमिकों को घटिया चाय नाश्ता कीड़े मकोड़े वाली चटनी खाने के लिए मजबूर होना पड़ता है । यह कैंटीन किसी दिग्विजय सिंह नाम के व्यक्ति के द्वारा संचालित की जा रही है। प्रबंधन को इस प्रकार के कैंटीन संचालकों के ऊपर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए ताकि श्रमिकों को साफ सफाई एवं गुणवत्तापूर्ण चाय नाश्ता कैंटीन में मिल सके।



## ट्रक की टक्कर से पलटा

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत सर्विस रोड केनाल चढाई पर ट्रक की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस के मुताबिक श्रमिक रामप्रकाश रैकवार, कमलेश रैकवार, करनलाल बर्मन, शेख रहमुद्दीन मंसूरी, उमा बाई विश्वकर्मा और अनिल बर्मन स्कूटी से ऑटो के पीछे पीछे उदयपुर जा रहे थे। ऑटो शेख रहमुद्दीन चला रहा था, सर्विस रोड केनाल चढाई बरेला पर ट्रक के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ऑटो को टक्कर मार दिया टक्कर लगने से आटो पलट गया जिससे सभी को चोटें आ गई।

## धनपुरी पुलिस ने किया चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा

▶ चोरी के गहने खरीदने वाला लखन ज्वेलर्स का संचालक हुआ गिरफ्तार



**धनपुरी, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धनपुरी विकास पांडे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेंद्रो के नेतृत्व में धनपुरी पुलिस को लाखों रूपयों की चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेंद्रो ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 11 अगस्त को उषा तिवारी नाम की फरियादिया के द्वारा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10-11 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसकर सोने चांदी के जेवरात एलइडी टीवी तथा नगदी पांच हजार रुपए चोरी कर लिए गए हैं इसी प्रकार 12 अगस्त को फरियादी अब्दुल फजल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10-11 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखें 60 हजार रुपए तथा सोने चांदी के गहने चोरी कर लिए गए हैं।

नगर में एक साथ हुई दो चोरी की घटनाओं को धनपुरी पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालें और संदिग्ध रूपेंद्र लोनिया निवासी छोटी अमलाई को बिलासपुर छत्तीसगढ़ से दस्तयाब किया।

### तीनों चोरियों का हुआ खुलासा

धनपुरी पुलिस ने जैसे ही रूपेंद्र लोनिया को गिरफ्तार किया तो उसने पुलिस पूछताछ में 10-11 अगस्त की दरमियानी रात दोनों घरों में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात एलइडी टीवी 42 इंच मोटर पंप कुल मसरूका लगभग 3 लाख रूपयों का जप्त किया गया। चोरी करने वाले रूपेंद्र ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि 11 अगस्त को रेल्वे कॉलोनी अमलाई थाना क्षेत्र से पल्सर मोटरसाइकिल 125 सीसी चोरी किया था जिसे आरसी क्लब अमलाई के पीछे से जप्त किया गया। रूपेंद्र लोनिया के द्वारा चोरी की गई सोने की अंगूठी रमेश सोनी निवासी रेलवे कॉलोनी को तथा सोने चांदी के जेवर लखन ज्वेलर्स के संचालक अभिमन्यु उर्फ मन्नू सोनी को बेचना बताया। पुलिस द्वारा आरोपी रमेश सोनी तथा अभिमन्यु उर्फ मन्नू सोनी संचालक लखन ज्वेलर्स निवासी बाजार रंगमंच के पास के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। धनपुरी पुलिस ने आरोपीगण रूपेंद्र लोनिया रमेश सोनी अभिमन्यु उर्फ़ मन्नू सोनी को अलग-अलग धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

एक ही रात में हुई चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करने के साथ-साथ अमलाई थाना क्षेत्र में घटित हुई पल्सर गाड़ी चोरी होने की घटना का खुलासा करने में थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेंद्रो के नेतृत्व में उप निरीक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह दीपक तिवारी अंजना अहिरवार प्रधान आरक्षक रामनाथ दिनेश शैलेंद्र सिंह राजू प्रसाद आरक्षक अजय सिंह अमित सिंह प्रिंस अग्रवाल तथा थाना बुढार से प्रधान आरक्षक गजेंद्र सिंह एवं साइबरसेल शहडोल से सत्य प्रकाश मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।



## शहीद की वीरता का संदेश समाज में फैलाया

**जबलपुर।** जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज जबलपुर, युवा संगठन, महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 14 अगस्त 2025 को शहीद गुलाब सिंह पटेल की जन्म जयंती पर गुप्तेश्वर स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। जिला अध्यक्ष कुर्मी इंजी विवेक चौधरी ने बताया कि अमर शहीद गुलाब सिंह पटेल जी की जन्म जयंती पर यह महत्वपूर्ण आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इस तरह के आयोजनों से शहीद की यादों को संजीवनी मिलती है और उनकी वीरता के संदेश को समाज में फैलाया जाता है। कार्यक्रम में अमर शहीद गुलाब सिंह पटेल जी के बहन विद्या कटियार और बहनोई अमर सिंह कटियार भी शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, महासचिव कैप्टन ओमप्रकाश सचान, कोषाध्यक्ष राममिलन पटेल, नारायण पटेल, कोऑर्डिनेटर रंजीत पटेल, युवा संगठन अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल, महासचिव आदेश पटेल, महिला संगठन से अर्चना पटेल, रोशनी पटेल, ज्ञान सनोदिया, पी एल कुर्मी, महेंद्र पटेल, नवीन पटेल, राहुल पटेल, अमन पटेल, के के पटेल, मनोज पटेल एवं सभी पदाधिकारियों के साथ समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## मटर खरीदी के 41 .82 लाख हड़पे, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** किसानों से मटर खरीदी की रकम 41.82 लाख रुपए वसीम भाई एण्ड कंपनी दुबग्गा सब्जी मंडी लखनउ के मालिक फुरकान उर्फ वसीम ने हड़पे लिए। माढ़ोताल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली हैं।

पुलिस के मुताबिक अभिषेक गुप्ता पिता सुरेश कुमार गुप्ता 40 वर्ष निवासी गढाफाटक महात्मागांधी वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कृषि उपज मंडी में उसके पिता के नाम पर सुरेश कुमार गुप्ता एण्ड कंपनी से दुकान है जिसमें उसका लायसेंस अभिषेक गुप्ता एण्ड कंपनी है। वर्ष 2024-25 में कलेक्टर के आदेश से मटर का व्यापर औरिया मटर अस्थाई मंडी नियुक्त किया गया। जिसमें उसे सेट नंबर 41 प्राप्त हुआ जिससे वह मटर का व्यवसाय आर्डर पर सप्लाई कर व्यापार करता था उस दौरान उसकी मुलाकात वसीम भाई एण्ड कंपनी दुबग्गा सब्जी मंडी लखनउ में फूट वेजीटेवल कमीशन का कार्य करने वाले फुरकान से हुई थी जिसने बताया कि इस फर्म के मालिक फुरकान एवं छोटा भाई फरहान हैं। फुरकान से सबसे पहले मुलाकात कर व्यापार करने की बात कहीं तो उसने बोला कि मैं आपको नही जानता इसलिये व्यापार नगद करूंगा तब उनसे अपने जीजा वसीक भाई से बात कराई थी जिनकी दुकान चकरपुर सब्जी मंडी वसीक भाई एण्ड कंपनी के नाम से कानपुर में है उन्होने आश्वासन दिया कि आप फुरकान एवं फरहान से कारोबार कीजिये लेनदेन की गारंटी मेरी रहेगी, तब फुरकान शुरू में छोटी गाडी महेन्द्रा पिकप कानपुर से बुलवा कर माल खरीदा जिसका नगद भुगतान किया उसके बाद बोला कि आप मुझसे व्यापार कीजिये आपसे मैं जो भी माल खरीदूंगा उसका भुगतान आपके बैंक खाते में करूंगा यह बात करके चला गया। इसके बाद फुरकान ने बातों में उलझाकर भरोसा जीता और 2 दिसम्बर 2024 से 30 जनवरी 2025 तक कुल 8932 बोरी मटर जिसकी कीमत 2,10,00,019 रुपये थी जिसमें तीन बैंको के अलग अलग खातों में कुल 1,68,47322 रूपए का भुगतान फुरकान ने जिस जिस शहर में दुकानदारों को मटर दिया था उन्ही के माध्यम से किया गया शेष रकम 41,82,697 रुपये आज दिनांक तक नही दिया गया। जब लखनउ दुबग्गा सब्जीमंडी में जाकर पता किया पता नही चला तब वह पुलिस चौकी पहुंच कर जानकारी ली तो पता चला कि वसीम भाई एण्ड कंपनी फर्म की कोई दुकान ही नहीं है। इस प्रकार किसानों से हरी मटर खरीद कर वसीम एण्ड कंपनी के प्रोपाईटर फुरकान उर्फ वसीम को मटर विक्रय किया था जिसकी कुल रकम 2 करोड 10 लाख 19 रूपये में से 1 करोड 68 लाख 47 हजार 322 रूपये का भुगतान किया है शेष रकम 41 लाख 82 हजार 697 रूपये बेईमानी पूर्वक हड़प लिया।